# शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटापारा

## जनवरी 2019

1. दिनांक 12/01/2019 को महाविद्यालय में स्टॉप कैंसर मिशन एवं आरोग्यवर्धन के संयुक्त तत्वाधान में कैंसर के कारण, लक्षण, प्रकार एवं बचाव पर कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें कैंसर के संबंध में महत्वपूर्ण एवं सारगर्भित जानकारी प्रदान की गई।
2. दिनांक 12/01/2019 को विवेकानन्द जंयती के उपलक्ष्य में महाविद्यालय मे विवेकानंद जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया तथा मूर्ति के समक्ष कार्यक्रम आयोजित किये गये।
3. दिनांक 14/01/2019 को अंग्रेजी विभाग के माध्यम से प्रो.बी.के.पटेल ने अपने व्याख्यान के माध्यम से छात्र–छात्राओं को अपने संवाद कला को बेहतर बनकार व्यक्तित्व को निखारने के टिप्स दिए गए तथा बात को प्रभाशाली तरीके से प्रस्तुत करने के बारे में बताया गया।
4. महाविद्यालय में दिनांक 14/01/2019 से दिनांक 25/01/2019 तक अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. निधि गुप्ता द्वारा ''कम्यूनिकेशन स्किल्स एवं पर्सनालिटी डेवेलपमेंट'' पर निःशुल्क कक्षाये आयोजित की गई। इन कक्षाओं में छात्र–छात्राओं को कम्यूनिकेशन स्किलस, इन्टरव्यू स्किलस सिखाये गए। छात्र–छात्रओं को ग्रुप डिस्कशन, मंच संचान व आभार प्रदर्शन आदि का प्रशिक्षण दिया गया। कक्षाओं के अंत में टेस्ट का आयोजन किया गया तथा टेस्ट में उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गए।
5. दिनांक 21/01/2019 को महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से संस्था में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं से जो कि 01/01/2019 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है किंतु नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने का आह्वान किया गया।
6. दिनांक 25/01/2019 को महाविद्यालय में SSS संस्था तथा अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में “Spoken English” तथा “Enjoy Your Exams” विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें अंग्रेजी के वक्ता श्री महेश यादव ने अंग्रेजी के प्रति भय दूर करने तथा अंग्रेजी को सरल तरीके से बोलना सिखाया तथा Motivational Speaker संतोष वर्मा ने परीक्षा के दौरान तनाव मुक्त रहने तथा अच्छे अंक से पास होने हेतु टिप्स दिये।
7. दिनांक 25/01/2019 को महाविद्यालय में मतदाता दिवस मनाया गया व प्राचार्य, सभी प्राध्यापक, कर्मचारियों तथा सभी छात्र–छात्राओं को मतदान करने एवं संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गई।
8. दिनांक 29/01/2019 को नई दिल्ली में आयोजित माननीय प्रधानमंत्री महोदय के कार्यक्रम ''परीक्षा पर चर्चा 2.0'' का सीधा प्रसारण समय प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक सीधा प्रसारण में अत्याधिक संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें तथा आगामी विश्वविद्यालयीन परीक्षा की तैयारी , परीक्षा के तनाव को कम करने हेतु उपाय जान कर लाभान्वित हुए।
9. दिनांक 30/01/2019 को महात्मा गांधी जी की पुण्य तिथि पर प्राचार्य, सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथ छात्र–छात्राओं द्वारा मौन धारण कर गांधी जी को ''श्रध्दांजलि'' अर्पित की गई
10. माह जनवरी 2019 में महाविद्यालय से विभिन्न खेलों में कुल 23 खिलाड़ी छात्र–छात्राओं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें फुटबाल में 3 छात्रों ने, बॉलीबाल में 2 छात्र एवं 1 छात्रा ने बास्केटबॉल में 5 छात्राओं एवं 2 छात्रों ने भाग लिया तथा शतरंज में 1 छात्र, टेबल टेनिस में 1 छात्र एवं खो–खो में 5 छात्र एवं 3 छात्राओं ने भाग लिया।

# फरवरी 2019

1. माह फरवरी में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित की गई एवं पुरस्कार वितरण तथा प्रतिभा सम्मान समारोह का अयोजन किया गया है साथ ही महाविद्यालय के 5 छात्राओं ने अंतर विश्वविद्यालयीन नेट बॉल प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया एवं 4 छात्रों ने चेन्नई में आयोजित अंतर विश्वविद्यालयीन नेट बॉल (पुरूष) प्रतियोगिता में भाग लिया।
2. रसायनशास्त्र विभाग में दिनांक 13/02/2019 को डॉ. विनीता ताम्रकार, सहायक प्राध्यापक– एल.सी.आई.टी. वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय, बिलासपुर द्वारा "Extraction of Natural Products" पर विस्तारक व्याख्यान का आयोजन किया गया।
3. रसायनशास्त्र विभाग में दिनांक 15/02/2019 को डॉ. आशीष तिवारी, सहायक प्राध्यापक– डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय, पामगढ़ द्वारा "Dissertation Strategy Skill Orientation in Writing" पर विस्तारक व्याख्यान का आयोजन किया गया।
4. रसायनशास्त्र विभाग में दिनांक 18/02/2019 को कुमारी मोनिका जैन, सहायक प्राध्यापक– शाकीय पॉलीटेक्नीक महाविद्यालय, भाटापारा द्वारा "Spectroscopy everywhere" पर विस्तारक व्याख्यान का आयोजन किया गया।
5. महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सत्र 2018–19 का आयोजन दिनांक 24/02/2019 को दिन रविवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय डॉ. शिवकुमार डहरिया, मंत्री–नगरीय प्रशासन, विकास एवं श्रम विभाग छ.ग.शासन, रहें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री सुनील माहेश्वरी–पूर्व जिला पंचायत सदस्य, श्री रमेश यदु, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष, जनकराम वर्मा–पूर्व विधायक बलौदाबाजार, श्री दिनेश यदु, श्री गिरीश देवांगन जी, डॉ. जी.पी.टंडन जी, श्री सुशील शर्मा जी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख डॉ. (श्रीमती) चित्ररेखा डहरिया ने की। कार्यक्रम में सत्र 2017–18 में कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 12 छात्र–छात्राओं को स्वर्ण पदक, 20 को क्रीड़ा में पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. रायपुर में प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं विभिन्न सांस्कृतिक व साहित्यिक विधाओं में स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।
6. महाविद्यालय में दिनांक 12/02/2019 से 20/02/2019 तक वार्षिकोत्सव सप्ताह का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न साहित्यक(निबंध, तात्कालिक भाषण, वाद–विवाद, परिचर्चा, समूह–चर्चा, प्रश्नोत्तरी) सांस्कृतिक (चित्रकला, केश–सज्जा, सलाद–सज्जा, नेल आर्ट, आमंत्रण पत्र प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता, पुष्प सज्जा, रंगोली, व्यंजन, बेस्ट ऑफ वेस्ट) आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।
7. महाविद्यालय में दिनांक 22/02/2019 को हिन्दी विभाग द्वारा निराला जयंती मनाई गई तथा श्री पीयूष कुमार तांडे, सहायक प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय रामचंद्रपुर (बलरामपुर) का व्याख्यान आयोजन किया गया।

## मार्च 2019

1. दिनांक 19/03/2019 को अर्थशास्त्र परिषद के द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक– डॉ.दीक्षा खरे,वनस्पतिशास्त्र विभाग, डॉ.विकास गुलहरे, भौतिकशास्त्र विभाग एवं डॉ. प्रीति सोनी, रसायनशास्त्र विभाग, द्वारा व्याख्यान दिये गये। डॉ. दीक्षा खरे ने ग्लोबल वार्मिग के विषय में, डॉ.प्रीति सोनी ने ठोस अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन के विषय में तथा डॉ. विकास गुलहरे ने ऊर्जा के स्त्रोत विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी।
2. दिनांक 26/03/2019 को एम.एस.सी. रसायनशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र–छात्राओं को परियोजना कार्य से संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए डी.के.एस.कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, भाटापारा में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, जहॉ उपस्थित वैज्ञानिक एवं सहायक प्राध्यापक डॉ.शरद सराफ द्वारा मशरूम उत्पादन की जानकारी दी गई।
3. दिनांक 30/03/2019 को कु.मोनिका जैन, सहा.प्राध्यापक शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय भाटापारा द्वारा रसायनशास्त्र विभाग में "Basic Principles of Spectroscopy" पर विस्तार पूर्वक व्याख्यान दिया गया।

## मई 2019

1. दिनांक 21/05/2019 को महाविद्यालय में आतंकवाद विरोधी दिवस का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य डॉ.चित्ररेखा डहरिया द्वारा आतंकवाद विरोधी शपथ दिलाई गई जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं क्रीड़ाधिकारी द्वारा आतंकवाद की रोकथाम विषयक प्रेरक उद्बोधन दिया गया एवं छात्र–छात्राओं द्वारा काव्य पाठ किया गया।

## जून 2019

1. स्नातक प्रथम वर्ष हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रांरभ हुई।
2. अर्थशास्त्र विभाग द्वारा छात्र–छात्राओं को दिनांक 17/06/2019 से 23/06/2019 तक दिल्ली, कुल्लू मनाली का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया जिसमें शैक्षणिक भ्रमण आयोजिका डॉ.शशिकिरण कुजूर, विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र द्वारा छात्र–छात्राओं को सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, पर्यावरण एवं आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जगहों, इमारतों का भ्रमण कराकर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

# अगस्त 2019

1. दिनांक 03.08.2019 को हिन्दी विभाग द्वारा राष्ट्रकवि श्री मैथलीशरण गुप्त जंयती मनाई गई जिसमें गुप्त जी की कविताओं का पाठ किया गया तथा उन्हें श्रध्दांजलि अर्पित की गई।
2. हिन्दी विभाग द्वारा दिनांक 07.08.19 को गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती मनाई गई तथा प्राध्यापकों व छात्र–छात्राओं द्वारा तुलसीदास जी की जीवनी पर आधारित वक्तव्य दिए गए।
3. दिनांक 08.08.19 को राष्ट्रीय क्रिमी मुक्ति दिवस मनाया गया जिसमें 19 वर्ष अथवा कम के छात्र–छात्राओं को क्रिमी से मुक्ति की दवा का सेवन कराया गया।
4. महाविद्यालय मे ईको–क्लब का गठन किया गया तथा ईको–क्लब द्वारा दिनांक 13.08.19 को ग्रीन डे मनाया गया जिसके तहत महाविद्यालय में प्राध्यापकों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता, थाल सजाओं प्रतियोगिता तथा राखी बनाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हरियाली का संदेश देने हेतु हरे परिधान धारण कर प्राध्यापको,छात्र/छात्राओं,कर्मचारियों द्वारा मानव श्रृखंला का निर्माण किया गया।
5. दिनांक 20/08/2019 को पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री राजीव गांधी की जंयती को सदभावना दिवस के रुप मे मनाया गया। इसमे गो–ग्रीन विषय पर आधारित नाटक,पेंटिंग,काव्य पाठ,गायन,तात्कालिक भाषण परिचर्चा आदि प्रतियोगिताएॅ आयोजित की गयी। मानव श्रृंखला भी बनाई गयी।
6. दिनांक 29/08/2019 को ''फिट इंडिया मूवमेंट'' के तहत प्रसारित माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम को सभी छात्र/छात्राओं प्राचार्य,प्राध्यापकों द्वारा सामूहिक रुप से महाविद्यालय में देखा गया। तत्पश्चात् प्राचार्य द्वारा सभी प्राध्यापकों,कर्मचारियों तथा छात्र/छात्राओं को स्वस्थ्य एवं फिट रहने हेतु शपथ दिलायी गयी।
7. दिनांक 31/08/2019 को अंग्रेजी विभाग द्वारा "Anybody Can Speak English" पर डॉ.जी.ए.घनश्याम प्रोफेसर अंग्रेजी एवं प्रभारी प्राचार्य शासकीय दाउ उत्तम साव महाविद्यालय मचांदुर दुर्ग का व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमे अंग्रेजी बोलने के आसान तरीके सिखाए गये।
8. महाविद्यालय में क्रीड़ा विभाग द्वारा खेल गतिविधियों के आयोजन के श्रृखंला में सेक्टर स्तरीय शतरंज एवं बैडमिन्टन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम ने प्रतिनिधित्व किया एवं शतरंज में एक छात्र का चयन राज्यस्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया जिसमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया एवं बैडमिंटन में एक छात्र का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया है।

# सितम्बर 2019

1. दिनांक 14/09/2019 को हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी दिवस मनाया गया जिसके तहत विभिनन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ.एन.के.वर्मा ने हिन्दी और हिन्दुस्तान के विशिष्ट संदर्भो पर प्रकाश डाला तथा डॉ. ऋषिराज पाण्डेय ने राष्ट्रभाषा के ऐतिहासिक संदर्भो को रखते हुए इस दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।
2. दिनांक 14/09/2019 को महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा एवं बौध्दिक परिचर्चा का आयोजन किया गया।
3. दिनांक 14/09/2019 को उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अंतर्गत Elector Verification Programme (EVP) कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 50 मतदाताओं का मतदाता नामांकन का सत्यापन किया गया।
4. दिनांक 23/09/2019 को पोषण जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत पोषण संबंधी प्रश्नोत्तरी, वाद–विवाद, भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा गृहविज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ. पूर्णिमा साहू द्वारा पौष्टिक आहार ''आवश्यकता एवं महत्व'' विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया गया जिसमें पौष्टिक आहार के महत्व पर प्रकाश डाला गया।
5. महाविद्यालय में क्रीड़ा विभाग के माह सितम्बर में खेल गतिविधियों में बास्केट बाल (महिला+पुरूष) वालीबाल (पुरूष) फुटबाल (पुरूष) में सेक्टर स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु उपर्युक्त खेलों में 16 खिलाड़ी छात्र–छात्राओं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें 04 खिलाड़ियों का चयन अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता हेतु किया गया।

## अक्टूबर 2019

01. महाविद्यालय में दिनांक 02 अक्टूबर 2019 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पेंटिंग एवं भाषण के साथ–साथ परिसर की साफ–सफाई कर जागरूकता का संदेश प्रसारित किया गया। इस अवसर पर 'महात्मा गांधी के विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता' विषय पर व्याख्यान का आयोजन भी किया गया। संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ.सी.आर.डहरिया ने किसान आंदोलन एवं गांधी जी के स्वतंत्रता आंदोलन में किये गये योगदान की विस्तार से चर्चा की। इतिहास विभाग के प्रो.डॉ.ऋषिराज पाण्डेय ने गांधी जी के विचारों पर विस्तार से चर्चा करते हुए ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य और वर्तमान के कई आयामों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पेंटिंग एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।
02. दिनांक 19/10/2019 से दिनांक 22/10/2019 तक रसायनशास्त्र विभाग द्वारा डॉ.प्रीति सोनी, सहायक प्राध्यापक एवं डॉ.शशिकिरण कुजूर , सहायक प्राध्यापक के नेतृत्व व निर्देशन में स्नातकोत्तर के छात्र–छात्राओं हेतु विशाखापट्टनम का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिससे 20 छात्र–छात्राएं लाभान्वित हुए।
03. दिनांक 31/10/2019 को महाविद्यालय में भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख डॉ.सी.आर.डहरिया ने राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में देशी रियासतों के विलीनिकरण में सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान पर प्रकाश डाला एवं राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ भी प्राचार्य के द्वारा दिलाई गई साथ ही महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्र–छात्राओं ने इस दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एकता दौड़ में भाग लिया। इस अवसर पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसी तारतम्य में डॉ.सी.अनूपा तिर्की एवं डॉ.ऋषिराज पाण्डेय द्वारा ''राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता में सरदार वल्लभ भाई पटेल का योगदान'' विषय पर व्याख्यान भी प्रस्तुत किया गया।
04. महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा खो–खो महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें चार खिलाड़ी छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया जिसमें आगे एक छात्र का चयन अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता हेतु किया गया है साथ ही क्षेत्र स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में पुरूष टीम ने प्रतिनिधित्व किया एवं एक छात्र का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया। साथ ही बास्केटबॉल अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में एक छात्र ने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

## नवम्बर 2019

01.दिनांक 21/11/2019 को महाविद्यालय की रेडक्रास इकाई के माध्यम से रक्त समूह परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 100 से अधिक छात्र–छात्राओं ने अपना रक्त समूह परीक्षण करवाया साथ ही साथ दंत चिकित्सक अरूण एक्का द्वारा दंत स्वास्थ्य पर व्याख्यान आयोजित किया गया।

02.दिनांक 26/11/2019 को महाविद्यालय की रेडक्रास इकाई एवं एच.डी.एफ.सी. बैंक भाटापारा के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें लगभग 50 इकाई रक्त दान किया गया।

03.दिनांक 26/11/2019 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य द्वारा छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गई।

04. दिनांक 16/11/2019 को हिन्दी विभाग में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विशेष वक्ता के रूप में पधारे हुए डॉ.सितारे हिन्द, प्राध्यापक–हिन्दी विभाग, तमिलनाडू केन्द्रीय विश्वविद्यालय, तिरूवरूर (तमिलनाडू) ने **''भक्तिकालीन कवि : तब और अब (समकालीन संदर्भ)''** विषय पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया। भक्तिकालीन कवियों के विशेष योगदान के विविध आयामों पर प्रकाश डालते हुए उनकों समग्रता से पढ़ने एवं समझने की आवश्यकता पर बल दिया।

05.दिनांक 18/11/2019 को रा.से.यो. की संयुक्त इकाई के तत्वाधन में प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान का सफल संचालन किया गया। इसके अंतर्गत एक सप्ताह तक स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय परिसर से प्लास्टिक कचरा एकत्रित करने का अभियान चलाया। संपूर्ण कचरे को एक स्थान पर एकत्रित कर पुर्नचक्रण के लिए नगरपालिका को सौंपा जाना सुनिश्चित किया। इसी समयावधि में प्रो. रविश दास ने प्लास्टिक के उपयोग एवं दुष्प्रभाव पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया साथ ही महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग एवं समस्याएं विषय पर निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। रा.से.यो. के स्वयं सेवकों ने संकल्प लिया कि समय–समय पर प्लास्टिक कचरे के निष्पादन एवं एकत्रित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाते रहेंगे।

06.विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव 2019 दिनांक 20/11/2019 को भाटापारा के मॉडल स्कूल में आयोजित किया गया जिसमें शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटापारा के विभिन्न छात्र–छात्राओं ने सहभागी हुए जिनमें विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने सामूहिक नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया इस तरह लोकगीत में परमेश्वर रजक–प्रथम, चित्रकला प्रतियोगिता में योगेश कुमार वर्मा–प्रथम व भानूप्रताप सेन –द्वितीय और वाद–विवाद प्रतियोगिता में राजेन्द्र कुमार साहू – द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

07.महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग की गतिविधियों में विशेष रूप से खो–खो (पुरूष) प्रतियोगिता में दो खिलाड़ियों का चयन अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता हेतु किया गया साथ ही तीन छात्राओं ने बास्केट बॉल में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया जूडो महिला पुरूष अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता पॉच छात्र–छात्राओं का चयन अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता हेतु किया गया ।

**दिसम्बर 2019**

01. दिनांक 02/12/2019 से 08/12/2019 तक ग्राम पंचायत गुर्रा वि.खं. भाटापारा जिला – बलौदाबाजार में महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र–छात्रा इकाई का सात दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। जिसमें निम्नलिखित गतिविधियॉ सम्पन्न हुई।

- शास. प्राथमिक शाला गुर्रा के छात्र–छात्राओ ंको महाविद्यालय की छात्रा शकुन डहरिया द्वारा कराटे एवं आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
- महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा ग्राम गुर्रा में तीन स्थानों पर रेन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम लगाया गया तथा हैंडपम्पों के आस–पास सोखता गड्ढों का निर्माण किया गया, जल संरक्षण पर जागरूकता प्रदान की गई।
- विधिक साक्षरता, बाल अधिकार, मशरूम उत्पादन पर व्याख्यान आयोजित किये गये।
- ग्रामीणों हेतु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।
- पशु टीकाकरण शिविर लगाकर पशुओं का टीकाकरण किया गया।
- ग्रामीणों को जैविक खाद बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।
- छात्र–छात्राओं द्वारा गलियों एवं शाला परिसर की साफ–सफाई की गई।
- शिविर के छात्र–छात्राओं हेतु कम्युनिकेशन स्किल्स पर व्याख्यान आयोजित किया गया।

02.दिनांक 18/12/2019 से 22/12/2019 तक जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में आयोजित अंतर विश्वविद्यालयीन युवा महोत्सव में महाविद्यालय के छात्र भानू प्रताप सेन, बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष – पोस्टर प्रतियोगिता, नीलम पाण्डेय, बी.कॉम द्वितीय वर्ष–कार्टूनी प्रतियोगिता, योगश निर्मलकर, बी.ए. अंतिम वर्ष–किले एवं स्पॉर्ट पोंटिंग द्वारा पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. रायपुर का प्रतिनिधित्व किया गया जिसमें योगेश निर्मलकर ने किले आर्ट में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

03.जिला स्तरीय युवा महोत्सव में महाविद्यालय के योगेश निर्मलकर ने चित्रकला में प्रथम, सोनू यादव ने फुगड़ी खेल प्रतियोगिता में प्रथम एवं सोनू यादव ने गेडी खेल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

04.क्रीड़ा विभाग की गतिविधियों में विशेष रूप से कानपुर में आयोजित अंतर विश्वविद्यालय जूडो महिला प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 03 खिलाड़ी छात्राओं ने पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर का प्रतिनिधित्व किया ।